## तैयार टीम इंडिया

लगातार एक के बाद एक, पहले ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट व वनडे सीरीज में मात देकर और फिर न्यूजीलैंड को एकदिवसीय श्रृंखला में हराकर टीम इंडिया ने न सिर्फ 'डाउन अंडर' का मजबूत किला फतह किया, बल्कि यह भी साबित किया कि साल के मध्य में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए वह पूरी तरह तैयार है। बीच में कुछ समय की दुविधा के बाद टीम सभी विभागों में संतुलित हो गई है और किसी भी टीम का मुकाबला करने में सक्षम है। हर खिलाड़ी अपना बेस्ट दे रहा है, टीम में लगभग सारी जगहें पुख्ता ढंग से भरी हुई हैं और हर खिलाड़ी का विकल्प भी मौजूद है। महेंद्र सिंह धोनी का फॉर्म में लौटना एक बोनस जैसा है क्योंकि मैदान में उनकी मौजूदगी से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ता है और ऐन मौके पर उनके टिप्स बाजी पलटने में मददगार साबित होते हैं।

इसी तरह शिखर धवन भी लय में वापस आ गए हैं, जिससे ओपनिंग की चिंता खत्म हो गई है। रोहित शर्मा शानदार खेल रहे हैं। विराट का बेहतरीन फॉर्म बरकरार है। मध्य म में पिछले दिनों लगातार प्रयोग किए गए हैं। अंबाती रायडू हालांकि अच्छा खेल रहे हैं लेकिन अभी पूरे रंग में नहीं आए हैं। केदार जाधव ने भी अच्छी बैटिंग की है और बतौर स्पिन-ऑलराउंडर मध्य म के मजबूत दावेदार हैं। हार्दिक पंड्या की शानदार वापसी से पेस-ऑलराउंडर की समस्या हल हो गई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में उन्होंने सपोर्ट पेसर की भूमिका ठीक से निभाई और न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन का शानदार कैच भी लपका। सितंबर में एशिया कप के दौरान वह चोटिल हो गए थे, जिसकी वजह से उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया था। फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के ऐन पहले उन्होंने एक चैट शो में विवादास्पद टिप्पणी कर दी, जिसके बाद उन पर बैन लगा दिया गया था। पिछले वर्ल्ड कप की तुलना में टीम इंडिया का मजबूत पहलू यह है कि हमारे पास ऐसे कई गेंदबाज हैं, जो बीच के ओवरों में पासा पलट देते हैं। हमारे तेज गेंदबाज अब जल्दी ब्रेकथ्रू दिलवा रहे हैं और फिंगर स्पिनर विपक्षी बल्लेबाजों के हाथ बांधकर उन्हें हड़बड़ी में शॉट खेलने पर मजबूर कर रहे हैं।

जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी की जोड़ी की बराबरी का दम इस वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीकी पेसरों में ही दिख रहा है जबकि कुलदीप यादव और यजुवेंद्र चहल की जोड़ी का कहीं कोई तोड़ ही नहीं दिख रहा। टीम इंडिया को विश्व कप से पहले आईपीएल खेलना है। उम्मीद करें कि इसकी वजह से खिलाड़ियों की लय नहीं बिगड़ेगी, क्योंकि बीस ओवरों के फॉर्मेट में उनसे अपेक्षाएं ही अलग होती हैं। अच्छा है कि टीम प्रबंधन समय-समय पर टॉप खिलाड़ियों को आराम दे रहा है ताकि उनकी ताजगी बनी रहे। पहले बुमराह को आराम दिया गया और अब विराट कोहली को दिया जा रहा है। इससे कुछ नए प्लेयर्स को आजमाने का मौका भी मिलेगा। देश की आशाएं टीम से बढ़ गई हैं। देखना है, हमारे क्रिकेटर किस हद तक उम्मीदों पर खरे उतरते हैं।

# दुनिया के भ्रष्ट देशों की लिस्ट जारी, भारत की रैंकिंग में हुआ सुधार



नई दिल्ली (आरएनएस)। वैश्विक भ्रष्टाचार सूचकांक, 2018 में भारत की रैंकिंग में सुधार हुआ है। एक भ्रष्टाचार-निरोधक संगठन द्वारा जारी वार्षिक सूचकांक के मुताबिक इस सूची में चीन काफी पीछे छूट गया है। ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल ने 2018 के अपने भ्रष्टाचार सूचकांक में कहा है कि दुनियाभर के 180 देशों की सूची में भारत तीन स्थान के सुधार के साथ 78वें पायदान पर पहुंच गया है। वहीं इस सूचकांक में चीन 87वें और पाकिस्तान 117वें स्थान पर हैं।

वैश्विक संगठन ने कहा है, आगामी चुनावों से पहले भ्रष्टाचार सूचकांक में भारत की रैंकिंग में मामूली लेकिन उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 2017 में भारत को 40 अंक प्राप्त हुए थे जो 2018 में 41 हो गए। इस सूची में 88 और 87 अंक के साथ डेनमार्क और न्यूजीलैंड पहले दो स्थान पर रहे। वहीं सोमालिया, सीरिया एवं दक्षिण सूडान क्रमशः 10,13 और 13 अंकों के साथ सबसे निचले पायदानों पर रहें।

वैश्विक भ्रष्टाचार सूचकांक, 2018 में करीब दो तिहाई से अधिक देशों को 50 से कम अंक प्राप्त हुए। हालांकि देशों का औसत प्राप्तांक 43 रहा। रपट में कहा गया है कि 71 अंक के साथ अमेरिका चार पायदान फिसला है। वर्ष 2011 के बाद यह पहला मौका है जब भ्रष्टाचार सूचकांक में अमेरिका शीर्ष 20 देशों में शामिल नहीं है।

## पेट्रोल, डीजल के दाम में राहत, बुधवार को स्थिर रही कीमतें



नई दिल्ली (आरएनएस)। एक दिन की गिरावट के बाद पेट्रोल और डीजल के दाम बुधवार को फिर स्थिर रहे। इससे पहले मंगलवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम में कटौती की थी। उधर, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में लगातार दूसरे दिन तेजी दर्ज की गई है। पिछले सत्र में, बेंट क्रूड का भाव करीब दो फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ था।

दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में बुधवार को पेट्रोल की कीमतें पूर्ववत क्रमशः 71.19 रुपये, 73.28 रुपये, 76.82 रुपये और 73.90 रुपये प्रति लीटर थीं। चारों महानगरों में डीजल के भाव भी क्रमशः 65.89 रुपये, 67.67 रुपये, 69.00 रुपये और 69.61 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव फिर 61 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चल रहा है। गौरतलब है कि ब्रेंट क्रूड के दाम में इस महीने करीब 8-10 डॉलर प्रति बैरल की तेजी रही है, जिसके कारण पेट्रोल और डीजल के दाम में भी वृद्धि हुई है।

## पाकिस्तान की टॉप शटलर महूर शहजाद आना चाहती हैं भारत



कराची (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय अनुभव से महरूम पाकिस्तान की शीर्ष महिला बैडमिंटन खिलाड़ी महूर शहजाद ने अपने देश के खेल अधिकारियों से अपील की है कि बैडमिंटन खिलाड़ियों को कोचिंग और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए भारत भेजा जाए।

लाहौर में राष्ट्रीय चैंपियनशिप का एकल खिताब जीतने वाली महूर ने कहा कि भारत ने बैडमिंटन में काफी प्रगति की है। महूर ने कहा, 'बैडमिंटन में वे काफी मजबूत हैं और अब भारत में नियमित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं होती हैं।'

## नोएडा में अटके पड़े 3 लाख फ्लैट्स को पूरा करेगी केंद्र और यूपी सरकार



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार नोएडा और ग्रेटर नोएडा में अटके हुए करीब 3 लाख फ्लैट्स का काम पूरा कर उनकी डिलीवरी तेज करने के लिए फंड बनाने पर भी विचार कर रही हैं। यही नहीं सरकार इन हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के बिल्डरों के पास खाली पड़ी जमीन को इस्तेमाल करनी की योजना भी बना रही है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और सरकारी बैंकों के बीच इस सैक्टर के लिए स्ट्रेस फंड को लेकर बातचीत हुई है। गोयल इस वक्त वित्त मंत्रालय का कामकाज देख रहे हैं, हालांकि इस स्ट्रेस फंड की राशि कितनी होगी इस बात की जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। संभावना जताई जा रही है कि शुरुआत में इसके 1 से 2 हजार करोड़ रुपये होने की संभावना है।

## ड्राइवर की सेफ्टी के लिए उबर ने लॉन्च किया नया टूल किट

नई दिल्ली (आरएनएस)। ड्राइवर की बेइज्जती की तो ऊबर आपको ब्लॉक कर देगा। मसलन ऊबर अब राइडर्स पर भी ऐक्शन लेने की तैयारी कर रहा है। ऊबर का कहना है कि जैसे राइडर्स की शिकायत पर ड्राइवर पर कार्रवाई हो रही है उसी प्रकार अगर कोई ड्राइवर के साथ बुरा व्यवहार करता है तो राइडर को ब्लॉक कर दिया जाएगा।

कैब ड्राइवर की बदतमीजी और उन पर कार्रवाई की खबरें तो हम अकसर पढ़ते हैं, लेकिन ड्राइवर की शिकायत पर ऐक्शन

### बेइज्जती की तो हो जाएंगे ब्लॉक




नहीं होता। यह अब बदलने वाला है। ऊबर ऐसे राइडर्स को अलर्ट कर रहाहै, जो बार-बार कैब ड्राइवर के साथ गलत व्यवहार करते हैं। जिस राइडर के व्यवहार में कोई सुधार नहीं होगा, ऊबर उसे ब्लॉक भी करेगा।

ऐसे यूजर्स ऊबर ऐप इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। इस बारे में एनबीटी से बात करते हुए उबर इंडिया और साउथ एशिया के हेड ऑफ सिटीज प्रभजीत सिंह ने कहा कि आदर दोनों तरफ से होना चाहिए। अब तक हम यूजर्स की रेटिंग पर ऐक्शन लेते थे। अब ड्राइवर्स जो रेटिंग राइडर्स को देते हैं, उस पर भी गौर कर रहे हैं।

इसके अलावा, ड्राइवरों के लिए ड्राइवर सेफ्टी टूल किट भी लॉन्च किया गया है।

## 'शुभमन गिल को हर हाल में मिले न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलने का मौका'



नई दिल्ली। टीम इंडिया ने सोमवार को माउंट मॉनगनुई में तीसरा वन-डे 7 विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में पहले ही 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। टीम इंडिया के नियमित कप्तान विराट कोहली ने न्यूजीलैंड दौरे पर अपना आखिरी मुकाबला खेला और अब उन्होंने अंतिम दो वन-डे व तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से ब्रेक लिया है। कोहली की गैरमौजूदगी में रोहित शर्मा टीम इंडिया की कमान संभालेंगे। टीम इंडिया पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुकी है, इसे देखते हुए कई क्रिकेट पंडितों ने उम्मीद जताई है कि भारतीय टीम अगले दो मुकाबलों में बेंच पर बैठे खिलाड़ियों को आजमा सकती है।

## आईएसएल-5 : अपने घर में नार्थईस्ट से भिड़ेगी बेंगलुरू




बेंगलुरू (आरएनएस)। हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के पांचवें सीजन में आज मेजबान बेंगलुरू एफसी कांतिरावा स्टेडियम में नार्थईस्ट युनाइटेड के साथ मैदान पर उतरेगी। बेंगलुरू इस मैच में बीते मैच में सीजन की पहली हार झेलने के बाद आ रही है।

मुम्बई सिटी एफसी ने 1-0 की जीत के साथ न सिर्फ बेंगलुरू का विजय रथ रोका था बल्कि उसे नम्बर-1 की कुर्सी से हटा भी दिया था। अभी बेंगलुरू की टीम दूसरे क्रम पर है। दोनों टीमों के 27-27 अंक हैं लेकिन गोल करने के मामले में मुम्बई की टीम बेंगलुरू से आगे है। बेंगलुरू की टीम ने अगर हाईलैंर्ड्स को हरा दिया तो वह एक बार फिर से तालिका में टॉप पर आ जाएगी।

नार्थईस्ट युनाइटेड 13 मैचों से 23 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। वह भी प्लेऑफ की दौड़ में है लेकिन उसे आगे कठिन प्रतिस्पर्धा का सामना करना है। लीग टॉपर्स से यह टीम चार अंक पीछे है। गोवा और जमशेदपुर एफसी टीमें प्लेऑफ के लिए उससे कड़ी प्रतिस्पर्धा करती नजर आ रही हैं। ये टीमें क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

## आज का राशिफल

मेषः आज दिन की शुरुआत आनंद-प्रमोद के साथ होगी। फिट रहेंगे। वाणी और व्यवहार पर संयम रखें। राग-द्वेष से दूर रहें और शत्रुओं से संभलकर चलें।

वृषभः व्यापारियों को यश-कीर्ति और सफलता मिलेगी। सहकर्मियों का पूर्ण सहकार आपको मिल पाएगा। आर्थिक लाभ होगा। मध्याह्न के बाद मनोरंजन की दुनिया की सैर करेंगे।

मिथुनः आज का आपका दिन बौद्धिक कार्य और चर्चा में बीतेगा। मध्याह्न के बाद व्यवसाय में लाभ की संभावनाएं होंगी। घर में शांति का वातावरण बना रहेगा।

कर्कः हताशा मानसिक रूप से अस्वस्थ बनाएगी। इस कारण आप अस्वस्थता अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्याएं सताएंगी।

सिंहः आज छोटा प्रवास हो सकता है। विदेश में रहने वालों को अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए कार्य के लिए अच्छा समय है। निवेशकों के लिए दिन लाभदायी है। मानसिक हताशा का अनुभव हो सकता है।

कन्याः अपने मन को दुविधा की स्थिति से बाहर निकालकर ही काम करें। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। मध्याह्न के बाद आपका समय अनुकूल होगा।

तुलाः शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। वैचारिक दृढ़ता से कार्य को संपन्न करना सरल हो जाएगा। वस्त्राभूषण और मनोरंजन के पीछे धन का खर्च होगा।

वृश्चिकः आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। संबंधियों के साथ कोई अनिष्ट घटना हो सकती है। परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य का ध्यान रख पाएंगे।

धनुः व्यापारियों के लिए लाभकारी दिन है। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाना होगा। मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य की विशेष देखभाल करें।

मकरः आज का दिन गृहस्थ जीवन की दृष्टि से आनंदमय रहेगा। परिजनों के साथ आनंद का वातावरण बना रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में भी अनुकूल वातावरण रहेगा।

कुंभः आज के दिन बौद्धिक कार्य, नवसर्जन और लेखन-प्रवृत्ति में आप उलझे रहेंगे। लंबे प्रवास का आयोजन होने की संभावना है। व्यवसाय में लाभ मिलेगा। थोड़ा संभलकर चलना पड़ेगा।

मीनः गणेशजी आज आपको वाणी पर संयम रखने की सलाह दे रहे हैं। शत्रुओं से सावधान रहें। गूढ़ विद्या का ज्ञान प्राप्त करने के लिए दिन अच्छा है। मध्याह्न के बाद विदेश में स्थित मित्र और स्नेहीजनों के समाचार आपको मिलेंगे।

# बंसत पंचमी : 10 फरवरी को नौं वर्षों पर रविसिद्धियोग में सरस्वती पूजा



सरस्वति महामाये शुभे कमललोचिनि.. विश्वरूपि विशालाक्षि.. विद्यां देहि परमेश्वरि.. । माघ शुक्ल पंचमी रविवार 10 फरवरी को विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा होगी। इसी दिन मां सरस्वती का अवतार माना जाता है। सरस्वती ब्रह्म की शक्ति के रूप में भी जानी जाती हैं। नदियों की देवी के रूप में भी इनकी पूजा की जाती है। इस वर्ष सरस्वती पूजा पर ग्रह-गोचरों का महासंयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य प्रियेंदू प्रियदर्शी ने पंचांगों के हवाले से बताया कि सरस्वती पूजा पर रविवार, रवि सिद्धियोग, अबूझ नक्षत्र और 10 तारीख का महासंयोग बन रहा है। माघ शुक्ल पंचमी शनिवार नौ फरवरी की दोपहर 12.25 बजे से शुरू होगा जो रविवार 10 फरवरी को दोपहर 2.08 बजे तक है। पूजन के समय अबूझ नक्षत्र का भी संयोग बना है। पूजन का सबसे शुभ मुहुर्त सुबह 6.40 बजे से दोपहर 12.12 बजे तक है।

सरस्वती पूजा पर विद्या आरंभ भी होता है ज्योतिषाचार्य पीके युग के मुताबिक सरस्वती पूजा पर मंत्र दीक्षा, नवजात शिशुओं का विद्या आरंभ भी किया जाता है। इस तिथि पर मां सरस्वती के साथ गणेश, लक्ष्मी और पुस्तक-लेखनी की पूजा अति फलदायी मानी जाती है। इसी दिन से फगुआ का गीत ग्रामीण इलाकों में गाए जाने लगते हैं। लोग अबीर-गुलाल भी लगाना शुरू कर देते हैं।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने स्पेन को 5-2 से हराया



नई दिल्ली। मर्सिया स्पेन 29 जनवरी भारतीय महिला हॉकी टीम ने स्पेन दौरे के अपने तीसरे मैच में मेजबान टीम को 5-2 से हराया.


इस मैच में स्पेन की तरफ से बेरता बोनास्त्रे ने सातवें मिनट में ही गोल कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया. हालांकि मैच के 17 वें मिनट में लालरेमसीआमी ने बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत को एक एक से बराबरी दिला दी. मैच के 21 मिनट में नेहा गोयल ने गोल कर भारत की बढ़त 2-1 कर दी. मध्यांतर तक भारतीय टीम 2-1 से आगे रही. मध्यांतर के बाद मैच के 32 वे मिनट में नवनीत कौर ने भारत के लिए तीसरा गोल किया.

इस गोल के तीन मिनट बाद ही बेरता बोनास्त्रे ने मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए स्कोर 3-2 कर दिया. मैच के 51वें मिनट में भारतीय कप्तान रानी ने गोल कर भारत को 4-2 से आगे कर दिया.

## इस साल फुटबाल जगत से संन्यास ले सकते हैं तेवेज

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के पूर्व खिलाड़ी कार्लोस तेवेज ने कहा है कि वह इस साल फुटबाल जगत से संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं। करीब दो दशकों तक वह एक खिलाड़ी के रूप में फुटबाल मैदान पर सक्रिय हैं।

## ढाबा स्टाइल बैंगन भर्ता, देखे रेसिपी



बैंगन भर्ता खाना हर कोई बहुत पसंद करता है और इसे बनाना भी बहुत आसान है। इसके स्मोकी स्वाद की वजह से यह और भी स्वादिष्ट लगता है। तो आइये जानते है इसे बनाने की रेसिपी के बारे में- आवश्यक सामग्री -एक गोल बड़ा बैंगन,एक प्याज, दो हरी मिर्च, लहसुन की 5 कलियां, एक छोटा टुकड़ा अदरक, एक टमाटर एक छोटा चम्मच हल्दी, एक छोटा चम्मच गरम मसाला, एक छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, नमक स्वादानुसार, सरसों का तेल जरूरत के अनुसार,सजावट के लिए, एक बड़ा चम्मच धनियापत्ती

बनाने की विधि -सबसे पहले बैंगन को अच्छे से धोकर इसमें चीरा लगा लें ताकि अंदर कोई कीड़ा है या नहीं ये सही से देखा जा सके।बैंगन पर तेल लगाकर मीडियम आंच पर इसे बर्नर पर रखकर इसे चारों तरफ से अच्छे से भून लें और आंच बंद कर दें। अब बैंगन का छिलका उतारकर इसके अंदर के हिस्से को अच्छी तरह से मैश करें।मीडियम आंच में एक पैन में तेल गरम करने के लिए रखें। तेल के गरम होते ही प्याज,हरी मिर्च,और लहसुन के टुकड़े डालकर कड़छी से चलाते हुए भूनें। प्याज के हल्का सुनहरा होते ही टमाटर और अदरक डालकर इसके सॉफ्ट होने तक भूनें। हल्दी, लाल मिर्च पाउडर और गरम मसाला मिलाएं।अब इसमें मैश किया हुआ बैंगन डालकर अच्छी तरह से चलाएं ताकि ये प्याज और बाकी की चीजों के साथ अच्छे से मिक्स हो जाए। नमक मिलाएं और अच्छे से मिक्स कर लें। 3 से 4 मिनट बाद आंच बंद कर दें।तैयार है बैंगन भर्ता। धनिया पत्ती से गार्निश कर पराठे के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 63

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 62 का हल



## सू-दोकू-63

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |